**खबर संक्षेप**

### रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त ट्रेक्टर जप्त



**मण्डला।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए मध्यप्रदेश शासन खनिज साधन विभाग से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग मण्डला द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध सतत रूप से कार्यवाहियाँ की जा रही है। इसी तारतम्य में प्राप्त शिकायतों के आधार पर तथा कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशानुसार हिरदेनगर क्षेत्र में भ्रमण के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त एक ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 51 जेडडी 3971 मय ट्राली को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया। उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही खनि निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा की गई।

### हेलमेट, साइबर अपराध व नशा मुक्ति पर जागरूकता

**मण्डला।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक मंडला श्री रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना घुघरी (गरैया व खोड़ा खुदरा), थाना मोतीनाला (लुटरा), थाना मवई (अतरिया), थाना बीजाडांडी (कालपी), थाना निवास (चौदस) एवं चौकी पिंडरई (पुततरा), चौकी हिरदेनगर (ओखट खपरी), चौकी चाबी (ठेला) क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।


**नोडल अधिकारी पर आदिवासी समूह की दीदियों से दो लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी**

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में गड़बड़ी के आरोप

*** महिलाओं ने की एसडीएम को शिकायत।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत एक गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्राम गुंदलाई, तहसील निवास में संचालित स्वयं सहायता समूहों की दो आदिवासी महिलाओं ने नोडल अधिकारी पूजा शर्मा पर फर्जी प्रस्ताव के माध्यम से समूह की राशि हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि उन्हें बिना पूर्व जानकारी के उनके समूह खातों में राशि डलवाई गई और बाद में प्रस्ताव दिखाकर वह रकम किसी अन्य माध्यम से ट्रांसफर करवा ली गई। मामले ने न केवल प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में चलाई जा रही सरकारी योजनाओं की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार ग्राम गुंदलाई में संचालित दो स्वयं सहायता समूह वैष्णवी समूह और माया समूह की पदाधिकारी महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उनके समूह खातों में एक-एक लाख रुपये की राशि डाली गई। वैष्णवी समूह की सचिव चमेली बाई सोयाम और माया समूह की अध्यक्ष राजकुमारी मार्को का कहना है कि उन्हें इस राशि की पूर्व सूचना नहीं दी गई। बाद में उन्हें बताया गया कि यह राशि "गलती से" उनके खाते में आ गई है और इसे अन्यत्र ट्रांसफर करना होगा। पीड़ित महिलाओं का आरोप है कि एसआरपी पद पर कार्यरत देवती मरावी को उनके पास भेजा गया। उनके अनुसार देवती मरावी ने एक प्रस्ताव दिखाया जिसमें गल्ला खरीदी का उल्लेख था। उस प्रस्ताव पर कथित रूप से नोडल अधिकारी पूजा शर्मा के हस्ताक्षर भी थे। महिलाओं का कहना है कि उन्हें विश्वास में लेकर उक्त राशि ट्रांसफर करवा ली गई और बताया गया कि यह पैसा पूजा मैडम को देना है।

### बैंक से खुलासा, बढ़ी चिंता

महिलाओं का कहना है कि उन्हें इस पूरी प्रक्रिया की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं थी। बाद में जब उन्हें संदेह हुआ तो उन्होंने बैंक मैनेजर से जानकारी ली। बैंक से मिली जानकारी के अनुसार वह राशि सरकार द्वारा समूह को दी गई सहायता थी, जिसे नियमों के अनुसार समूह को उपयोग करना था और आवश्यकता पड़ने पर पुनर्भुगतान भी करना होता है। यह सुनकर महिलाएं स्तब्ध रह गईं, क्योंकि उनके अनुसार वह राशि उनसे फर्जी तरीके से ट्रांसफर करवा ली गई थी। अब वे स्वयं को उस राशि की देनदार मान रही हैं। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि वे भोली-भाली आदिवासी महिलाएं हैं, जो आजीविका मिशन के तहत अपने परिवार की आय बढ़ाने के लिए समूह से जुड़ी थीं। उन्हें न तो पूरी प्रक्रिया समझाई गई और न ही यह बताया गया कि खाते में आई राशि सरकारी ऋण अथवा सहायता है, जिसे नियमानुसार उपयोग और वापस करना होगा।

### पहले भी लगे हैं आरोप

ग्रामीण महिलाओं का आरोप है कि यह पहला अवसर नहीं है जब नोडल अधिकारी पर प्रश्न उठे हों। उनका कहना है कि पूर्व में भी शिकायतें अनुविभागीय अधिकारी निवास तथा जिला कलेक्टर तक पहुंचाई गई थीं। हालांकि उन शिकायतों पर क्या जांच हुई और क्या निष्कर्ष निकले, यह स्पष्ट नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पारदर्शी जांच होती, तो संभवतः यह स्थिति दोबारा उत्पन्न नहीं होती।

### 5 फरवरी 2026 को दर्ज हुई शिकायत

पीड़ित महिलाओं ने 5 फरवरी 2026 को निवास अनुविभागीय कार्यालय एवं निवास थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने विस्तृत जांच की मांग करते हुए आरोप लगाया है कि फर्जी प्रस्ताव के आधार पर राशि ट्रांसफर करवाई गई और उन्हें इसकी वास्तविक जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने यह भी मांग की है कि यदि उनके साथ धोखाधड़ी हुई है तो उन्हें उनकी राशि वापस दिलाई जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### योजना का उद्देश्य और जमीनी हकीकत

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत समूहों को प्रशिक्षण, बैंक लिंकेज, ऋण सुविधा और विभिन्न आजीविका गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। मंडला जैसे आदिवासी बहुल जिले में यह योजना महिलाओं के लिए उम्मीद की किरण मानी जाती है। बड़ी संख्या में महिलाएं समूहों के माध्यम से लघु उद्योग, कृषि आधारित कार्य, पशुपालन और अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जुड़ रही हैं।

ऐसे में यदि किसी स्तर पर वित्तीय अनियमितता या धोखाधड़ी की घटना सामने आती है, तो उसका असर न केवल संबंधित समूहों पर बल्कि पूरे मिशन की विश्वसनीयता पर पड़ता है।

### नोडल अधिकारी का पक्ष

मामले में नोडल अधिकारी पूजा शर्मा ने आरोपों को लेकर कहा समूह को राशि तीन चरणों में दी जाती है। राशि आहरण का अधिकार समूह के अध्यक्ष और सचिव के पास होता है। इस तरह कोई भी उनसे सीधे राशि नहीं ले सकता। यदि राशि ट्रांसफर की गई है तो उसके साक्ष्य होंगे। पूरी प्रक्रिया चरणबद्ध और पारदर्शी रहती है। जिले में 834 पंजीकृत समूह हैं और सभी के साथ समान प्रक्रिया अपनाई जाती है। यदि शिकायत हुई है तो यह जांच का विषय है। वरिष्ठ अधिकारी जांच करेंगे और सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि बिना प्रमाण के किसी पर आरोप लगाना उचित नहीं है और यदि महिलाओं के पास साक्ष्य हैं तो वे जांच में प्रस्तुत करें।

### कई सवाल खड़े

इस पूरे प्रकरण में कई महत्वपूर्ण सवाल उठ रहे हैं यदि राशि समूह को विधिवत दी गई थी, तो क्या समूह की पदाधिकारियों को उसकी पूरी जानकारी दी गई थी, क्या प्रस्ताव वास्तव में वैध था और क्या उसकी स्वीकृति नियमानुसार हुई थी, यदि राशि ट्रांसफर हुई, तो बैंकिंग रिकॉर्ड में उसका स्पष्ट विवरण मौजूद है या नहीं? क्या समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता और दस्तावेजी प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी दी गई थी, विशेषज्ञों का मानना है कि स्वयं सहायता समूहों के संचालन में पारदर्शिता, नियमित ऑडिट और वित्तीय प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां महिलाएं पहली बार बैंकिंग प्रणाली से जुड़ रही हैं।

### आदिवासी महिलाओं की चिंता

ग्राम गुंदलाई की महिलाओं का कहना है कि वे न्याय चाहती हैं। उनका उद्देश्य किसी को बदनाम करना नहीं, बल्कि यह जानना है कि उनके साथ क्या हुआ और यदि गलती हुई है तो जिम्मेदार कौन है। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है ताकि भविष्य में किसी अन्य समूह की महिलाओं के साथ ऐसी घटना न हो। उनका कहना है कि यदि सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता नहीं रही, तो गरीब और अशिक्षित महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित होंगी।

### प्रशासन की अगली परीक्षा

अब यह मामला प्रशासन के लिए परीक्षा की घड़ी है। यदि जांच पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से होती है, तो सच्चाई सामने आएगी चाहे आरोप सही सिद्ध हों या निराधार। मंडला जिले में 800 से अधिक पंजीकृत स्वयं सहायता समूह सक्रिय हैं। ऐसे में यह आवश्यक है कि इस प्रकरण की जांच उदाहरण बने और यदि कहीं प्रक्रिया में खामी है तो उसे सुधारा जाए। महिलाओं के सशक्तिकरण की योजनाएं तभी सफल होंगी जब उनमें भरोसा और पारदर्शिता कायम रहेगी।

अब देखना यह है कि आदिवासी महिलाओं के साथ हुई कथित धोखाधड़ी के इस मामले में जांच क्या निष्कर्ष निकालती है, आरोप कितने सही सिद्ध होते हैं और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है।

फिलहाल, ग्राम गुंदलाई की दीदियां न्याय की उम्मीद लगाए बैठी हैं और पूरा जिला इस मामले की जांच परिणाम पर नजर टिकाए हुए है।

### इनका कहना है :-

*मेरी जानकारी ऐसा को मामला नही आया है और अगर समूह की महिलाओं के द्वारा थाने में शिकायत दी है तो थाने से अन्वेषण हो जायेगी और अगर शिकायत मेरे कार्यालय आती है तो हम भी अपने स्तर से जांच करवा लेंगे और इनका तो बरिष्ठ कार्यालय मंडला में एन आर एल एम इनको शिकायत करनी चाहिये विभाग का मेटर ये तो।*

**-सी एल वर्मा,**
**एस डी एम निवास मंडला**

*मेरी क्या शिकवा शिकायत हुई हैं मुझे जानकारी में नही है में दस दिनों की छुट्टियों में चल रही हूं और समूहों का खाता तो अध्यक्ष सचिव के द्वारा संचालित किया जाता है उस खाते से हम कैसे पैसे ले सकते है और निवास में 870 समूह संचालित है अभी आपको कुछ बताना संभव नही हम वापस आकर देख कर ही कुछ बता पाइए।*

**-पूजा शर्मा,**
**नोडल अधिकारी निवास**

### पहाड़ी में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका



**नारायणगंज।** कल कुड़ामैली की पहाड़ी में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई मौके स्थल पर पुलिस पहुंच गई और जांच की तो पता चला कि शव जबलपुर निवासी सुमित कुशवाहा का है जो 11 फरवरी से गायब बताया जा रहा था युवक के बड़े भाई अमित कुशवाहा ने बताया कि पिछले एक वर्ष से मृतक सुमित कुशवाहा एवं उसकी पत्नि के बीच अनबन चल रही थी कुछ दिन पूर्व कुछ काम से पत्नि ने उसे अपने पास बुलाया और फिर उसके बाद से सुमित का पता नहीं चला। 11 फरवरी को फोन पर यह बताया गया कि सुमित कहीं चला गया है और उसके बाद थाने में दहेज प्रताड़ना की भी रिपोर्ट लिखाई गई और अब सुमित का यहां शव मिला है सुमित के भाई अमित ने अपने भाई की पत्नि पर ही हत्या करने की आशंका जाहिर की है जिसमें उनके परिवार के लोग एवं उसके प्रेमी के शामिल होने की बात भी कहीं जा रही है पुलिस हालांकि हर दृष्टिकोण से मामले की जांच कर रही है जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### बम्हनी क्षेत्र के मोहित उइके बने आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव



**बम्हनीबंजर।** आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ विक्रांत भूरिया ने अपनी टीम का विस्तार किया। इस विस्तार में मण्डला जिले के बम्हनी क्षेत्र के ऊर्जावान एवं जमीनी युवा कांग्रेस नेता मोहित उइके को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी, विभाग के हरीश चौधरी और मप्र आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम की अनुशंसा पर की गई है। मोहित उइके बम्हनी क्षेत्र के ग्राम पीपरटोला से आते हैं तथा लंबे समय से कांग्रेस पार्टी के समर्पित जमीनी कार्यकर्ता के रूप में सक्रिय रहे हैं। उनका राजनीतिक परिवार भी निरंतर संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य करता आया है। आदिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई, सामाजिक न्याय और संगठन विस्तार में उनकी सक्रिय भूमिका रही है। उनकी नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ. अशोक मर्सकोले, जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष राधेश्याम मरावी, विधायक नारायण सिंह पट्टा, विधायक चेन्नसिंह वरकड़े सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, युवा कांग्रेस पदाधिकारी तथा समस्त प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है। कांग्रेसजनों का मानना है कि मोहित उइके की नियुक्ति से मंडला जिले सहित पूरे क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा, मजबूती और गति मिलेगी तथा आदिवासी समाज की आवाज को प्रदेश स्तर पर प्रभावी प्रतिनिधित्व प्राप्त होगा।

**गांधी मेला** | **30 जनवरी से 12 फरवरी तक भरने वाले श्री गांधी मेला हुआ समापन।**

# समापन अवसर पर देश भक्ति गीत संग्रह का विमोचन

*** मेले में किया गया वृद्धजनों का सम्मान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया



नगर परिषद भुआबिछिया के तत्वाधान में आयोजित 30 जनवरी से 12 फरवरी तक गांधी मेला का आयोजन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है, जिसमें आज पूज्य महात्मा गांधी की 13वी पुण्यतिथि के अवसर पर मेला समापन का कार्यक्रम रखा गया है, कार्यक्रम प्रारंभ में सर्वप्रथम पूज्य महात्मागांधी की प्रतिमा में श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रृद्धांजली दी गई। इसके पश्चात नगर परिषद के पदाधिकारियों के द्वारा अध्यक्ष नगर परिषद भुआबिछिया रजनी मरावी एवं पार्षदगणों के द्वारा वृद्धजनों को सम्मानित किया गया सर्व प्रथम, रोहणी प्रसाद शुक्ला सुशीला नामदेव, फूलवती बाई, फूला यादव, हेमचंद जंघेला बेनराम रापजूत, मल्लूराम राजपूत, धीरज सिंह राजपूत, आधा सिंह, विजय पटेल, गुल्ला यादव, को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, इसी क्रम में उपाध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया रानू रणधीर सिंह राजपूत के द्वारा उद्बोधन में कहा गया है, कि यह श्री गांधीमेला विगत 1952 से प्रारंभ हुआ आज तक अपनी गरिमा बनाये रखा है, मेले का शुभारंभ हमारे स्वत्रंता संग्राम सेनानी स्व. रमलू सिंह ठाकुर, स्वो. कालीचरण, स्वा. कोदू लाल जंघेला के प्रयासों से श्री गांधी स्मारक के प्रांगण में हुआ। जिसका निर्वाहन नगर परिषद भुआ बिछिया के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। जिसका आज मेला समापन गांधीमेला कार्यक्रम का आभार उपाध्याक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया रानू रणधीर सिंह राजपूत के द्वारा किया गया, मेला प्रारंभ 30 जनवरी से 12 फरवरी तक निरंतर राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं सूर्य अस्त के पूर्व उतारने की परम्परा का निर्वाहन किया जाता रहा हैं, इसी क्रम में अतिथियों की उपस्थिती में नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, उपाध्यक्ष रानू राजपूत, विकास गवले, नारायणी साहू, पूनम रजक, नगर के वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थिती में राष्ट्रीयध्वज उतारते हुये राष्ट्रीयध्वज सम्मान पूर्वक निकाय के उपयंत्री एचआर कुरैशी को सौंपा गया। संचालन घनश्याम चौहान के द्वारा गया, जिसमें ये उपस्थित रहे, उपयंत्री एच.आर. कुरैशी, अशोक यादव, संजय सरौते, सचिन यादव, गगन यादव, कपिल नंदा, मनोज निगम, मयंक घाटोडे दिलीप यादव, आशीष नंदा, रामकली यादव एवं समस्त कर्मचारी/व्यापारीगण उपस्थित रहे।

नगर परिषद भुआ बिछिया के तत्वागधान में आयोजित 30 जनवरी से 12 फरवरी तक गांधी मेला समापन कार्यक्रम में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देशभक्ति गीत संग्रह का विमोचन किया गया जिसके रचनाकार राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानीत रोहणी प्रसाद शुक्ला् के द्वार स्वारचित रचनाओं में स्वरतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार का उललेख वीरशहिदों का वर्णन प्रमुख आंदोलन हर घर तिरंगा अभियान का उल्लेख इस पुस्तलक में वर्णित हैं। इसी दौरान प्रतिवर्ष आयोजित वालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन श्री गांधी मेला में दिनांक 10 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित किया जिसमें ग्रामीण अंचलो एवं नगर की टीमों ने हिस्सा लिया और प्रतियोगिता निरंतर कई वर्षा से आयोजित हो रही हैं जिसमें अन्य राज्यों की टीमों को द्वार उत्कृष्ठे प्रदर्शन कर दर्शाकों का मनमोह लियो एवं इस दौरान मेला प्रांगण में भीड़भाड़ देखने को मिली साथ ही रोचकता बनी रही हैं।

### महाराजपुर के पैरामेडिकल छात्रों ने रक्तदान कर मानवता का दिया संदेश, 7 यूनिट रक्त किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



स्वयं सिद्ध इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल टेक्नोलॉजी, महाराजपुर के छात्र-छात्राओं ने समाज सेवा में अनुकरणीय मिसाल पेश की है। 14 फरवरी को संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर में 7 यूनिट रक्तदान किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य न केवल रक्त की कमी को पूरा करना था, बल्कि युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना भी था।

शिविर में जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. योगेश सिरश्याम विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए इससे होने वाले स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, छात्र-छात्राओं को ब्लड बैंक में रक्त संग्रहण, परीक्षण और भंडारण की समस्त तकनीकी प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया, जो उनके व्यावहारिक ज्ञान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा।

रक्तदान के उपरांत जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे ने सभी रक्तदाता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। डॉ. धुर्वे ने युवाओं को भविष्य में भी नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। संस्था के जिन विद्यार्थियों ने रक्तदान किया, उनमें सुरेंद्र यादव, लखन बरकडे, कुलदीप पटेल, संग्राम सिंह, तरेंद्र टेकाम, ललिता यूके और नितिन कुर्मी शामिल हैं।

इस अवसर पर स्वयं सिद्ध पैरामेडिकल संस्था के प्रभारी प्राचार्य डॉ. समीर साहू, ब्रांच कोर्डिनेटर राजेंद्र मेहरा, श्रीमति वर्षा तिवारी, सुरेंद्र यादव, सुश्री शीतल ऊईके, सुश्री अमीषा विश्वकर्मा, सुश्री राजकुमारी सलाम सहित संस्था का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### लापरवाही खुद के साथ दूसरी की जिन्दगी के लिये भी पहुंचा सकती है खतरा

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** जहां एक ओर देखा जाता है कि पुलिस प्रशासन द्वारा किसी बाईक पर तीन लोगों को बैठा देखा जाता है तो अपनी चालानी कार्यवाही करने से नही चूकती है, मगर जिस प्रकार से खुलेआम यातायात नियमों का उल्लघंन करने वालों को नजर अंदाज किया जाता है उसका परिणाम इस प्रकार से देखने मिलता है कि वह सदा ही अपने साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को खतरा पैदा करने से नही चूकते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में उस समय देखने मिली जब एक मोटर साईकिल पर सबार दो युवक मोटर साईकिल के बीच में भारी भरकम लकड़ी लेकर मुख्य मार्ग से जाते हुये देखे गये तो निश्चित ही इस सच्चाई को देखने वाले लोग यह बात कहने से नही चूक रहे थें कि इस प्रकार के लोग ही अपने साथ साथ दूसरों की जिन्दगी को भी खतरे में डालने से नही चूकते है और पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार के लोगों द्वारा बरती जाने वाले मनमानी को नजर अंदाज किये जाने के कारण जहां इनके हौसले बुलंद होने से नही चूकते है जिसके चलते लोगों की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूकती है?

### निर्मल ग्रामों के नाम पर हो रही शासन की राशि बर्बाद, कमिशन की आड़ में प्रशासन आंखें हुई बंद

**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए केन्द्र हो या प्रदेश सरकार गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है, जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। मगर उन शौचालयों की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी हो क्योंकि शासन की राशि से बने हुए शौचालय यदि अपना एक जन्म दिन मना ले तो बहुत बड़ी बात समझी जावेगी? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है। जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी अपनी आफिसो में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के एक दो वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है।

## महा शिवरात्रि पर शक्कर नदी में लगे हुये मेले का भव्य शुभारंभ

# आज डमरूघाटी में उमड़ेगा शिव भक्तों का जैन सैलाब

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**







विषपायी, भक्तों की पूजा, आराधना से शीघ्र प्रसन्न होकर उन्हें वरदान देने आतुर हो जाने वाले भगवान शिव भोले शंकर की पूजा, आराधना, उपासना का महान पर्व महाशिवरात्रि आज फाल्गुन मास की शुक्ल त्रियोदशी व भगवान सूर्य के प्रिय दिवस रविवार को पड़ने इस महत्व और बढ़ गया है। बैसे भी इस वर्ष महा शिवरात्री के दिन रविवार के दिन पड़ने से विशेष बताया जा रहा है। क्योंकि महाशिवरात्रि के मौके पर लोग शिव की भक्ति में पूर्णरूप से लीन हो जाते है, जिससे निश्चित से संपूर्ण क्षेत्र शिव की भक्ति में लीन नजर आवेगा। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर्व विशेष शुभ संयोगों के पड़नें से वह हर दृष्टि से मंगलकारी साबित होने जा रहा है। शायद यही कारण है कि हिन्दू धर्मालंबियो द्वारा आज भगवान शिव की पूजन करने के लिए दिन भर व्रत रखे जाने के साथ साथ मंदिरों में अनेक प्रकार के अनुष्ठान भी किये जावेगे। इसी के चलते लोगों ने कल शनिवार को ही बाजार से फलाहारी चीजे तथा भोलेनाथ को अर्पित करने के लिए उनकी प्रिय सामग्री खरीद व्रत रखने, भगवान शिव के पूजन, अभिषेक, रूद्राष्टक पाठ, जलभिषेक की तैयारियॉ पूर्ण कर भगवान शंकर का स्मरण करना प्रारम्भ कर दिया था। वही नगर में आज महाशिवरात्रि के चलते भव्य दिव्य शिवधाम डमरूघाटी शिवलाय में अनूठी साज सज्जा होने से भगवान भोले शंकर की प्रतिमा दमक रही थी और माहौल शिवमय होने लगा था तथा महाशिवरात्रि पर्व पर शक्कर नदी में पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ कल शनिवार की देर शाम नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित अन्य अतिथियों की मौजदूगी में किया गया। इस अवसर पर उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर, अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे, नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान सहित नगर पालिका परिषद के पार्षदों के आलवा मेला समिति के सदस्याओं की मौजूदगी विशेष तौर से रही। ज्ञात हो कि बीते हुये कई वर्षो से यह मेला डमरूघाटी के समीप निजी कालोनी में लगता था। मगर वहां पर जगह का आभाव होने के कारण प्रशासनिक अधिकारियों से इस मेले का आयोजन शक्कर नदी पुल के नीचे बीते हुये वर्ष 2020 से किये जाने से हर वर्ष इस मेले के आकार में इजाफा होते हुये देखा जा रहा था और अब स्थिति इस तरह बन चुकी है कि बरमान मेले के बाद जिले का यह सबसे बड़े मेले के रूप में बन चुका है। इस मेले की व्यवस्था बनाने के लिये संपूर्ण जिले का प्रशासन तंत्र लगा हुआ है तो दूसरी ओर बीते हुये दो दिनों से जिला पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक सहित जिला कलेक्टर द्वारा शिवधाम डमरू घाटी सहित मेला परिसर का निरीक्षण करते हुये जरूरी व्यवस्था बनाने के लिये दिशा निर्देश जारी किये गये। वही नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा बीते हुये दिनों से रात रात भर जागते हुये यहां की व्यवस्थाये बनाते हुये देखे जा रहे है। इसी का परिणाम है कि इस मेले को मिले मनोहरी स्वरूप के चलते निश्चित तौर से शक्कर नदी में लगा हुआ मेला आकर्षण का केन्द्र बनते हुये देखा जा रहा है और शक्कर नदी में लगे हुये इस मेले का शुभारंभ करने पहुंचे नेताओं सहित अधिकारियों द्वारा भी प्रशासन सहित नगर पालिका की व्यवस्थाओं सराहना करते हुये हर्ष व्यक्त किया कि निश्चित ही यह मेला आने वाले दिनों में मकर संक्रांति के मौके पर लगने वाले बरमान मेले का स्वरूप लेने से नही चूकेगा। वही महाशिवरात्रि के पर्व के चलते आज रविवार को शहर के श्रद्धालु महिलाओं, पुरूषो के साथ साथ युवा भी भगवान शिव के दर्शन, पूजन करने और अपनी मनोकामनाऍ सिद्ध करने की उनसे प्रार्थना करते हुये अपनी आस पूरी करने के लिए भारी मात्रा में शिवधाम डमरूघाटी पर शिव भक्तों की हूजुम उमडेगा। इस संबंध में शिवधाम डमरूघाटी समिति द्वारा जानकारी देते हुए बताया है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां पर विराजे भोलेनाथ शिव के चार पहर अभिषेक कर उनसे क्षेत्र की सुख, शांति की कामना की जावेगी, वही शिवरात्रि के इस मौके पर लोगों द्वारा अपने घरों में तो भगवान शिव की वंदना की ही जाएगी साथ ही नगर के शिवालयों तथा डमरूघाटी शिवधाम में भी श्रद्धालु पहुंचकर भगवान शिव का स्तुतिगान, अभिषेक कर अपना जीवन धन्य बनायेंगें। बताया जाता है कि महा शिवरात्रि पर्व की शुभ बेला में डमरूघाटी शिवधाम, सिंचाई विभाग के शिव मंदिर, चंद्र केशर कालोनी के ऋण मुक्तेश्वर मंदिर, विजय कालोनी स्थित शिव मंदिर, कामर्थ वार्ड में नांलदा के पास स्थित शिव मंदिर तथा आर ई एस कार्यालय में स्थित शिव मंदिर, नगर के जनता स्कूल के पीछे नव निर्मित शिव मंदिर सहित नगर के अन्य शिव मंदिरों में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें तथा अनेक शिव मंदिरों में रूद्री निर्माण का आयोजन भी होगा। इसी प्रकार से समीपस्थ पौड़ार तिरहा स्थित शिव मंदिर में भी अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होगे। ज्ञातव्य है कि महा शिवरात्रि पर डमरू घाटी शिवधाम समिति के साथ साथ स्थानीय नपा. प्रशासन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा भी मेले को लेकर व्यापक इंतजाम किए गये है। वही नपा प्रशासन द्वारा भी इस मेले में किसी भी प्रकार की अशांति पैदा न हो इसके लिए अपने स्तर पर पूरे इंतजाम किये गये है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि महाशिवरात्रि के मौके पर लगने वाले इस मेले का प्रतिवर्ष स्वरूप बड़ता ही चला जा रहा है, जिसके चलते पुलिस द्वारा हर वर्ष इसकी व्यवस्था बनाने में पसीना बहाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है। प्रशासन द्वारा मेले में स्वच्छता पर जोर देते हुए अस्थाई शौचालयों, पेयजल, सफाई एवं मेले में झूलों की सुरक्षा को लेकर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को ध्यान देने का आदेश जारी किये गये। वही नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान द्वारा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए बताया गया है कि शक्कर नदी में लगे हुये मेला स्थल तक पहुंचने के लिये सीधे छिड़ाव घाट से अस्थाई पुल बनाते हुये व्यवस्था बनाई गई है। इससे पुल के ऊपर भीड के दबाव से निजात मिल सकेगी। तथा छिड़ाव घाट से मेला पहुंचने वाले लोगों को कम दूरी वाला रास्ता मिल जावेगा। इस प्रकार से आज लगने वाले मेले में लगभग एक सप्ताह पहले से ही दुकानदारों का आगमन शुरू हो गया था, जिसमें अनेक प्रकार के बडे बडे झूले व सर्कस सहित अन्य प्रकार के मनोरंजन के साधन आये हुये है जो बच्चों के लिये आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर धार्मिक व पूजन सामग्री की दुकान भी इस मेले में आई हुई है। इसके आलवा दूर दूर से अनेक प्रकार की दुकाने लेकर जो दुकानदार आये हुये है उनकी सुविधाओं के लिये निर्धारित जगह उपलब्ध कराई गई है।

# आज शक्कर नदी पुल पर वाहनों के आने जाने पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध मेले में लगाये गये 40 गुप्त केमरों से की जावेगी निगरानी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि गाडरवारा के समीप शक्कर नदी के पास स्थित भगवान भोले शंकर की स्थल शिवधाम डमरूघाटी ने अपनी एक अलग ही पहचान बना ली गई है। इसी का परिणाम है कि हर साल शिवरात्री के मौके पर लगने वाले मेले का स्वरूप बढ़ते हुये देखा जा रहा है। वही दूसरी ओर राज्य स्तर के प्रमुख माने जाने वाले गाडरवारा से मार्ग जो प्रदेश की राजधानी भोपाल को प्रदेश की संस्कारधानी जबलपुर से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग होने के कारण इस मार्ग पर प्रतिदिन छोटे बडे मिलाकर हजारों की संख्या में लम्बी दूरी के वाहनों का निकलना होता है। इस स्थिति में शिवरात्री के मौके पर लगने वाले इस मेले की व्यवस्थाये बनाना प्रशासन के लिये भारी परेशानियों वाला साबित होने से नही चूक पाता है। मगर इस वर्ष प्रशासन द्वारा जिस तरह से शिवरात्री मेले पर उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना के निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक एल एस डागुर के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान द्वारा जिस तरह व्यवस्थाये बनाई गई है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आज शक्कर नदी पुल वाहनों के लिये के आने जाने पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित किया गया है। वही दूसरी ओर मेले की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये 150 से अधिक पुलिस कर्मचारी तथा अधिकारियों को तैनात किया गया है। वही मनचलों की हरकतो पर पैनी नजर रखने के लिये मेला सहित आने जाने वाले मार्गो पर 40 गुप्त केमरे लगाये गये है जिनसे निगरानी की जावेगी। गाडरवारा से करेली के बीच चलने वाले वाहनों के मार्ग में भी परिवर्तन किया गया है। जिसमें बताया गया है कि नरसिंहपुर से साईखेड़ा पिपरिया तरफ जाने वाले टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन नारगी कल्याणपुर से होते हुये एनटीपीसी के पास से निकलकर गाडरवारा बाईपास होते हुए जाएंगे। वही तेंदूखेड़ा से गाडरवारा शहर तरफ जाने वाले टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन उदयपुरा से होकर साईखेड़ा की ओर निकाले जावेगे। वही दूसरी ओर तेंदूखेड़ा से करेली तरफ जाने वाले टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन अट्ठाईसा पेट्रोल पंप से कौड़िया होते हुए जाएंगे। इसी प्रकार तेंदूखेड़ा से नरसिंहपुर जाने वाली वहां राजमार्ग होते हुए जाएंगे। उक्त मार्गों पर भारी वाहन निषेध रहेंगे। नगर में चलने वाले आटो के लिये भी जो निर्धारण किया गया है उसके चलते आमगाँव नाका से आने वाले ऑटो बोदरी चौराहे तक आ सकेंगे एवं सवारियां उतारकर और लेकर इन्ही पॉइंट्स से वापस जायेंगे। इसी प्रकार नगर की ओर से आने वाले ऑटो नये बस स्टैंड तक आ सकेंगे एवं वही से वापस जायेंगे। वही दूसरी ओर बोदरी चौराहे से महाकाल तिराहा एवं चुंगी नाका से महाकाल तिराहा तक ऑटो पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे । नगरजनों एवं ऑटो चालकों से स्टेशन से पलोटन गंज,राठी तिराहा, आमगाँव नाका से बोदरी चौराहे तक के रूट का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। इसी प्रकार से शिवधाम डमरू घाटी पहुंचने वाले लोगों के लिये जो पार्किग व्यवस्था बनाई गई है उसके तहत करेली की ओर से डमरूघाटी मेले मेँ आने वाले वाहनों हेतु बिजासेन माता मंदिर के पास एवं मजार के सामने कौड़िया रोड पर पार्किंग व्यवस्था रहेगी। वही तेंदूखेड़ा की ओर से डमरूघाटी मेले मे आने वाले वाहनों हेतु विट्ठल भवन के पास पार्किंग व्यवस्था रहेगी तथा गाडरवारा की ओर से डमरूघाटी मेला आने वाले वाहनों हेतु ज्योति हॉस्पिटल के पीछे पार्किंग व्यवस्था रहेगी। वही दूसरी ओर शिवधाम दर्शन करने के लिये जाने वाले लोगों को शक्कर नदी में मुख्य पुल के दोनों तरफ निर्मित अस्थाई पुल पैदल आवागमन के लिए बनाए गए हैं। जिन पर वाहनों का आवागमन वर्जित रहेगा। इस प्रकार से शक्कर नदी पुल वाहनों हेतु पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। अधिकारियों का स्पष्ट रूप से निर्देश है कि मेला स्थल प्रतिबंधित क्षेत्र मे पाए जाने वाले भारी वाहन एवं चार पहिया वाहनो के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जायेगी। 8 पुलिस मोबाइल द्वारा क्षेत्र मे लगातार पेट्रोलिंग की जाएगी जो चोरों, असमाजिक तत्वों, मनचलो पर कार्यवाही के लिए सादी वर्दी में पुलिस बल तैनात रहेगा । वही जिन मार्गो पर आज वाहनो को प्रतिबंधित किया गया है उसमें आटों आमगाँव नाका से आने वाले ऑटो बोदरी चौराहे तक तथा नगर की ओर से आने वाले ऑटो नये बस स्टैंड तक ही आ सकेंगे। मुख्य रूप से बोदरी चौराहे से महाकाल तिराहा एवं चुंगी नाका से महाकाल तिराहा तक आज दिन भर ऑटो पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।



### गन्ना फसल में मजदूरों द्वारा आग लगाकर की जाने वाली कटाई पर प्रतिबंध जरूरी

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय क्षेत्र में संचालित होने वाले शुगर मिलों द्वारा किसानों के खेतों से गन्ना कटाई का कार्य करने के लिये बाहर यानि की दूसरे प्रांतों से टीमे बुलबाई गई है जो शुगर मिलों द्वारा किसानों से खरीदे गये गन्नों को खेतों पर पहुंचकर कटाई कार्य करने में लगी हुई है, मगर इन टीमों द्वारा सिर्फ अपनी सुविधाओं का ध्यान रखते हुये जिस प्रकार से गन्ना फसल में पहले आग लगाने के बाद की जा रही कटाई के चलते जहां किसान को गन्ने के बजन व गन्ना के पत्तों से प्राप्त होने वाली खाद से हाथ धोना ही पड़ रहा है, वही दूसरी ओर इन मजदूरों अपने स्वार्थो को ध्यान में रखते हुये किये जा रहे कृत्य से क्षेत्र के पर्यावरण में प्रदूषण फैलने से भी नही चूक रहा है, मगर इस ओर न तो अधिकारियों द्वारा किसी भी प्रकार का ध्यान दिया जा रहा है और न ही शुगर मिलों के संचालकों द्वारा जिसके चलते इन मजदूरों के हौसले सातवे आसमान में दिखाई देने से नही चूक पा रहे है और वह धडल्ले से गन्ना के खेतों में आग लगाते हुये उसकी कटाई करने में लगे हुये देखे जा रहे है। बताया जाता है कि इस प्रकार से गन्ना फसल में आग लगाने के बाद की जाने वाली कटाई के दौरान इन मजदूरों को मेहनत कम करना पड़ती है और एक दिन में अधिक गन्ना की कटाई कर लेते है? मगर इस प्रकार से आग लगाकर की जाने वाली कटाई से निश्चित तौर से गन्ने का रस सूख जाने के कारण जहां उसका वजन प्रभावित होता है उसके चलते किसान को क्षति का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है, वही दूसरी ओर खेत में आग लगने के कारण जमीन की उर्वराशक्ति को भी क्षति पहुंचने के साथ साथ जमीन के अंदर रहने वाले अनेक जींव वेमौत मारे जाने से नही बच पाते है। इतना ही नही गन्ने की फसल में लगाई जाने वाली आग के चलते संपूर्ण क्षेत्र में उड़ने वाली कालिख के कारण वातावरण को भी प्रदूषित करने से नही चूकता है, वही दूसरी ओर गन्ने की फसल में लगाई जाने वाली आग से कभी कभी स्थिति इस प्रकार से बन जाती है कि उसी खेत के पास यदि दूसरे किसान का गन्ने की फसल वाला खेत रहता है तो वह आग दूसरे किसान की गन्ना फसल को अपनी चपेट में लेने से भी नही चूकती है जो विवाद को कारण निर्मित हो जाता है? इतना ही नही इस प्रकार के कृत्य से अनेक हरे भरे वृक्ष भी आग की चपेट में आने के कारण सूखने से नही बच पाते है, जिसके चलते क्षेत्रवासियों द्वारा इस प्रकार से गन्ना फसल में आग लगाकर की जाने वाली कटाई को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से तुरंत प्रतिबंध लगाने की मांग की जा रही है।

### देर शाम संदिग्ध स्थिति में धूं धूकर जलकर खाक हुई स्कूटी, पुलिस जांच में जुटी..







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर का पानी टंकी क्षेत्र जहां संपूर्ण शहर में चर्चा का विषय बन चुका है। क्योंकि यहां पर आये दिन होने वाली शराब खोरी से लेकर मारपीट की घटनाये घटित होना आम बात बन चुकी है...? वही गौर किया जावे तो जिस तरह पुलिस द्वारा मादक पदार्थो में लिप्त रहने वालों के खिलाफ की गई कार्यवाही में यह क्षेत्र प्रमुख केन्द्र के रूप में चिन्हित हो चुका है। पानी टंकी से लेकर नगर पालिका परसिर वाला क्षेत्र में जिस तरह शाम होते हुये मनमानी करने वालों की हरकते देखने मिलती है उसके चलते इस मार्ग से आमजन को निकलने में भी दहशत महसूस करने से नही चूकते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये शुक्रवार की देर शाम यहां पर घटित हुई एक घटना ने पानी टंकी क्षेत्र को फिर चर्चा में लाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है..? बताया जाता है कि बीते हुये शुक्रवार की देर शाम यानि की रात के लगभग 10.30 बजे नगर पालिका कार्यालय परिसर के खुले मैदान में खड़ी हुई एक स्कूटी को लोगों ने आग से जलते हुये देखा तो हैरत में पड़ने से नही चूक पाये। वही नगर पालिका कार्यालय के मुख्य द्वार के समीप घटित हुई इस घटना की सूचना तुरंत पुलिस को मिलते ही मौके पर पहुंची हुई पुलिस द्वारा स्कूटी में लगी हुई आग को बुझा तो दिया गया था। मगर जब तक वह स्कूटी पूर्णरूप से जलकर खाक होने से नही बच पाई थी। इस तरह खुले मैदान में खड़ी हुई स्कूटी में अचानक आग लगने के साथ पूर्णरूप से स्कूटी जलकर खाक होने तक न तो स्कूटी मालिक मौके पर नजर आया और न ही स्कूटी में आग लगने के कारण किसी तरह से लोगों के समझ में आते हुये प्रतीत नही हो पाने से यह घटना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पाई है..? क्योंकि खड़ी हुई स्कूटी में अचानक आग लगने के बाद वह पूर्णरूप से जल जाने के बाद भी किसी द्वारा स्कूटी मालिक का सामने न आना अपने आप ही सबालों को जन्म देने से नही चूक पा रहा है..? इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। मगर इस तरह स्कूटी में आग लगने की घटना से लेकर स्कूटी मालिक का किसी तरह पता न चल पाना इस आगजनी की घटना को रहस्मय बनाते हुये प्रतीत होने से नही चूक पा रहा है...?

### खुले मैदान में विक्रय होने वाले अंडा सहित अन्य प्रकार की मांसाहारी सामग्री को लेकर स्कूल प्रबंधन द्वारा सौंपा ज्ञापन





**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** मांस मछली सहित अन्य प्रकार की मांसाहारी सामग्री का विक्रय करने के लिये नगर परिषद द्वारा सगह निर्धारित की गई है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि कुछ लोगों द्वारा खुले मैदान व आने जाने वाले रास्तों के किनारे इस तरह की मांसाहारी सामग्री का विक्रय किया जा रहा है उसके चलते जहां आम लोगों को परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। सबसे अधिक परेशानी उन स्कूली बच्चों को होते हुये देखा जा रहा है जो इस तरह की सामग्री को देखते हुये उनकी भावनाओं को ठेंस पहुंचने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाइर इस समय नगर परिषद सांईखेड़ा में देखने मिल रही है। बताया जाता है कि यहां पर मांसाहारी सामग्री विक्रय करने वालों की मनमानी इस तरह से देखी जा रही है कि वह बच्चों के स्कूल आने जाने वाले मार्गो सहित धार्मिक स्कूलों के इर्द गिर्द इस तरह की सामग्री का विक्रय करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। इस तरह मांसाहारी सामग्री का विक्रय करने वालों के बढ़ते हुये हौसले व मनमानी के चलते अभिभावकों द्वारा स्कूल प्रबंधन से इस संबंध में शिकायत किये जाने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस थाने में शिकायत करते हुये ज्ञापन सौपा गया। नगर के रेवाश्री स्कूल प्रबंधन द्वारा सौपे गये ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि नगर परिषद सांईखेडा के वार्ड क्रमांक 10 के हनुमान मंदिर सहित रेवाश्री स्कूल के सामने वाले मार्ग पर विक्रय हो रहे अंडा सहित अन्य प्रकार की मांसाहारी सामग्री पर रोक लगाई जावे। क्योंकि इस सामग्री के चलते जहां गंदगी फैलने के साथ साथ जब बच्चें देखते इस सामग्री को देखते है तो उन पर विपरित प्रभाव पड़ने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर इस संबंध में पहले भी शिकायते की गई है। मगर आज तक किसी तरह की कार्यवाही नही होने के कारण जहां मांसाहारी सामग्री विक्रय करने वालों के हौसले बुलंद हो रहे है। जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा इस तरह खुले मैदान में मांसाहारी सामग्री विक्रय करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। मगर इसके बाद भी इस तरह खुले मैदान में धार्मिक स्थल व शिक्षण संस्था के पास इस सामग्री का विक्रय होना प्रशासन की उदासीनता को उजागर करने से नही चूक रहा है। स्कूल प्रबंधन द्वारा शिकायती पत्र पुलिस थाने के साथ साथ मुख्य अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को भी भेजा गया है।

# सालीचौका पौड़ार शिव दरबार में आज से दो दिवसीय मेले का आयोजन, अनेक देवालयों में की जावेगी शिवलिंग स्थापना



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका**

शिवरात्री शिवभक्तों के लिये विशेष महत्व रखती है और यदि वही पावन अवसर जब रविवार के दिन आता है तो उसके महत्व अलग ही बन जाता है। कुछ इसी प्रकार से विशेष संजोगों के बीच आज रविवार के दिवस पड़ने वाली इस वर्ष महाशिवत्री जहां शुभ संकेत लेकर आ रही है और आज शिवरात्री के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पौड़ार शिव मंदिर पर जहां दो दिवसीय मेले का आयोजन होगा। वही शिव मंदिर में सुबह से ही जलाभिषेख, हवन, पूजन सिहत अनेक प्रकार के आयोजन होगे। इस तरह शिवरात्री के चलते जहां शिव मंदिरों को विशेष सजाया गया तथा शिवजी की बारात निकालने के लिये शिवभक्तों में अनोखा उत्साह देखने मिल रहा है। इस तरह आज शिवरात्री के पावन अवसर पर नगर के चौकसे परिवार द्वारा इष्ट कुलदेव श्री हनुमान मंदिर सहित अन्य देवालयों में देवाधिदेव महादेव शिव लिंग स्थापना की जावेगी।

### लापरवाही पूर्वक आटो चलाते हुये पलटने से परिक्रमावासी घायल



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** आटों चालकों द्वारा जिस तरह अपने आटों में मनमानी सबारी भरते हुये उन्हें बेलगाम गति से दौड़ाते हुये देखे जाते है कि उसके चलते आम लोगों सहित सबारियों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये देखने मिली जब आधी रात को आटो चालक द्वारा अपने आटों को लापरवाही पूर्वक चलाते हुये पलटा देने के चलते सबारियों को चोटे आई। घटना के संबंध में ग्राम बेलखेड़ी निवासी एक परिक्रमावासी द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि हम 7 लोग करीबन एक माह पूर्व नर्मदा परिक्रमा मे निकले थे परिक्रमा पूर्ण होने के रेल्वे स्टेशन गाडरवारा मे ट्रेन से उतरकर बैलखेडी जाने के लिये हमने एक आटो क्रमांक MP49R1839 किराये से किया था। वही आटो चालक से नाम पूछने पर उसने अपना नाम दुर्गेश आम्रवंशी निवासी गांधी गाडरवारा का बताया था प्रार्थी सहित अन्य 6 लोग जिसमें सुधा बाई किरार, अमर सिंह किरार, मुन्नी बाई किरार, रिब्बी बाई किरार, शीला बाई किरार व संजा बाई ठाकुर सभी निवासी बैलखेडी आटों में बैठकर बेलखेडी जा रहे थें। आटों चालक दुर्गेश आम्रवंशी आटो को तेजगति व लापरवाही पूर्वक चला रहा था प्रार्थी ने इस तरह तेज आटों चलाने से रोकते हुये कहा कि आटो को धीरे चलाओ जो नही माना और आटो को पिठहरा तिराहा मोड पर पलटा दिया गया जिसके चलते प्रार्थी सहित अन्य परिक्रवासियों को चोटे आने के चलते पुलिस ने आरोपी आटों चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### पुलिस पर पथराव मामले में 15 पर मामला दर्ज

**स्लीमनाबाद।** थाना स्लीमनाबाद अंतर्गत बंधी रेलवे गेट पर गुरुवार रात हाईवा की टक्कर से बाईक सवार 2 लोगों की मौत के बाद आक्रोशित भीड़ द्वारा पुलिस वाहन पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त करने के मामले मै पुलिस ने करीब 15 अज्ञात व्यक्तियों पर मामला दर्ज किया है। साथ ही वायरल वीडियो में जो व्यक्ति पथराव करते देखे जा रहे है उनको पुलिस द्वारा उनको पकडकर स्लीमनाबाद थाना ले आ गया है ओर उनसे पूछताछ कर इस पथराव घटना में शामिल अन्य लोगो के बारे में पूछताछ की गईं!इस मामले मै अभी तक पुलिस ने 8 से 10 लोगों का पकडकर स्लीमनाबाद थाना लें आई है। गौरतलब है कि उक्त घटना मै पायलट विजय पांडेय व सैनिक राजकुमार परौहा घायल हुए थे। स्लीमनाबाद पुलिस ने दीपक यादव पिता मुरारी लाल यादव 38 वर्ष निवासी स्लीमनाबाद की शिकायत पर 10 से 15 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 296 बी, 351(3), 121(1), 125ए, 132, 191(2), 191(3), 190, 324(4) के तहत अपराध क्रमांक 89/26 दर्ज किया गया। गौरतलब है कि गुरुवार की रात 8 बजे बंधी धरवारा रेलवे गेट हाइवा क्रमांक pb 10 hn 2438 बाइक सवार धरवारा निवासी राजा भैया कोल व राजेन्द्र कोल को टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत हो गईं। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मौक़े पर पहुंची पुलिस के 112 वाहन पर पथराव कर दिया था।

### अस्थाई अतिक्रमण एवं बैनर, पोस्टर हटाये गये

**कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से शनिवार को भी नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाकर नगर के मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त किया जाकर नागरिकों को सुगम आवागमन की व्यवस्था प्रदान की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित दुकानदारों को सार्वजनिक मार्ग बिना बाधित किये निर्धारित स्थल से ही व्यवसाय करने की चेतावनी अतिक्रमण अमले द्वारा दी गई।

### नकदी सहित जेवरात लेकर चंपत हुए चोर

**कटनी।** बरही थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खन्ना छैघरा में बीती रात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाया है। चोरों ने घर से सोने-चांदी के जेवरात और नकदी सहित कुल 80 हजार रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया है। जानकारी के अनुसार 13 फरवरी की दरम्यानी रात करीब 1 से 3 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया। बलरामदास पटेल 56 वर्ष निवासी ग्राम खन्ना बंजारी ने शिकायत दर्ज कराई है कि अज्ञात व्यक्तियों ने उनके घर में प्रवेश कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने घर के अंदर रखे सोने एवं चांदी के कीमती जेवरात, 10 हजार रुपये नकद सहित लगभग 80 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। बरही पुलिस ने मामला पंजीबद्ध करते हुए अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और क्षेत्र में संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### नेशनल लोक अदालत को लेकर आयोजित हुई बैठक

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के मार्गदर्शन 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आज 12 को जिला न्यायालय कटनी के कॉफेंस हॉल में समय दोपहर 2 बजे से अनुज कुमार मित्तल विशेष न्यायाधीश एवं एस0पी0एस0 बुंदेला जिला न्यायाधीश की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में नेशनल इंश्योरेंस कंपनी से मनीष गौतम, यूनाइटेड इंश्सोरेंस कंपनी से इच्छा दीक्षित, मैग्मा इंश्सोरेंस कंपनी से सुमित अग्रवाल, इफाको टोकियो इंश्सोरेंस कंपनी से अमित दुबे एवं आई0सी0आई0सी0आई0 इंश्सोरेंस कंपनी से मयूर सोनी बीमा कंपनी के अधिकारीगण व्ही0सी0 के माध्यम से उपस्थित रहें एवं बीमा कंपनी के अधिवक्तागण एवं क्लेमेंट अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# डिंडौरी के आदिवासी नेता अमर सिंह मार्को बने प्रदेश महासचिव, संगठन ने सौंपी अहम जिम्मेदारी

डिंडौरी




जिले की जमीनी राजनीति से उभरकर प्रदेश स्तर पर पहचान बनाने वाले आदिवासी नेता अमर सिंह मार्को को कांग्रेस संगठन ने महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। हाल ही में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करने के बाद उन्हें मध्यप्रदेश आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम द्वारा प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति को डिंडौरी और महाकौशल क्षेत्र की राजनीति में अहम घटनाक्रम के रूप में देखा जा रहा है।सूत्रों के अनुसार, संगठन विस्तार और आदिवासी समाज के मुद्दों को प्रदेश स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति के तहत यह निर्णय लिया गया है। मार्को की सक्रियता, जनसरोकारों से निकटता और संघर्षशील छवि को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

#### जमीनी आंदोलनों से बनाई पहचान

अमर सिंह मार्को लंबे समय से क्षेत्रीय और आदिवासी अधिकारों के प्रश्नों को लेकर सक्रिय रहे हैं। उन्होंने विभिन्न जनआंदोलनों, धरना-प्रदर्शनों और सामाजिक अभियानों के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। आंदोलनों के दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा, जिससे उनकी संघर्षशील छवि और सुदृढ़ हुई।वर्तमान में वे राघोपुर-मारवारी बांध परियोजना से प्रभावित और संभावित रूप से विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, मुआवजा और अधिकारों को लेकर आंदोलनरत हैं। बताया जाता है कि वे इस मुद्दे को सड़क से लेकर न्यायालय तक उठा रहे हैं, जिससे यह मामला क्षेत्रीय राजनीति का प्रमुख विषय बना हुआ है।

#### संगठन को मिल सकती है नई ऊर्जा

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अमर सिंह मार्को की प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्ति से डिंडौरी सहित महाकौशल अंचल में कांग्रेस संगठन को नई मजबूती मिल सकती है। आदिवासी समाज के बीच उनकी सक्रियता और पकड़ संगठन विस्तार में सहायक साबित हो सकती है।संगठन द्वारा सौंपी गई यह जिम्मेदारी उनके राजनीतिक भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है और इसे प्रदेश स्तर पर आदिवासी नेतृत्व को सशक्त प्रतिनिधित्व मिलने के रूप में देखा जा रहा है।

# डोभी पंचायत में कुएं निर्माण में गंभीर अनियमितताओं के आरोप



**शहपुरा।** जनपद पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत डोभी में निर्मल नीर योजना के तहत निर्माणाधीन कुएं को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का दावा है कि निर्माण कार्य में न केवल गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है, बल्कि तकनीकी निगरानी भी नदारद है।ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण स्थल पर किसी भी अधिकृत तकनीकी इंजीनियर की उपस्थिति नहीं देखी गई, जबकि शासन के दिशा-निर्देशों के तहत ऐसे कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग अनिवार्य है। इससे निर्माण की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।लोगों ने आरोप लगाया है कि कंक्रीट ढलाई के दौरान वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा, जिससे संरचना की मजबूती प्रभावित हो सकती है। साथ ही, ढलाई निर्धारित अनुपात के अनुसार न कर घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने की बात भी सामने आई है। रेत में मिट्टी और अन्य अशुद्धियों की मिलावट होने के बावजूद उसका प्रयोग किया जा रहा है, जो निर्माण की दीर्घकालिक स्थिरता के लिए चिंताजनक है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस मामले की निष्पक्ष और तकनीकी जांच नहीं कराई गई, तो सरकारी राशि के दुरुपयोग के साथ योजना की मंशा पर भी आंच आ सकती है। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल जांच कर जवाबदेही तय करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# अमोलेश्वरधाम अमोलखोह आश्रम में श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्री विष्णु महापुराण का भव्य आयोजन

डिंडौरी



उमरिया एवं डिंडौरी जिले की सीमा पर स्थित अमोलेश्वरधाम अमोलखोह आश्रम में श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्री विष्णु महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है।प्राकृतिक सुंदरता के बीच स्थित अमोलेश्वरधाम क्षेत्रवासियों के लिए धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां शिवरात्रि के अवसर पर कैलाश गुफा में स्थित प्राकृतिक शिवलिंग के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और मेले का आनंद लेते हैं। शिवरात्रि के अवसर पर यहां प्रतिवर्ष अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। जानकारी देते हुए श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं अमोलेश्वरधाम आश्रम के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 श्री भगतगिरी बच्चू बाबा जी ने बताया कि इस वर्ष अमोलेश्वरधाम अमोलखोह आश्रम में श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्री विष्णु महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है।इस कार्यक्रम की शुरुआत 09 फरवरी से हो चुकी है। शिवरात्रि के अवसर पर यहां भगवान शिव का रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन, ध्वजारोहण, यज्ञ पूर्णाहुति तथा भगवान शिव की बारात निकाली जाएगी। साथ ही विशाल भंडारा एवं दो दिवसीय भव्य मेले का आयोजन भी किया जाएगा।इस कार्यक्रम में डिंडौरी और उमरिया जिले समेत देश के कई राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। इस वर्ष भी दूर-दूर से लाखों की संख्या में लोगों के मेले में पहुंचने की उम्मीद है।

# जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत कृषि विज्ञान केंद्र में क्रेता-विक्रेता बैठक आयोजित




**डिंडोरी।** बोरलॉग इंस्टीट्यूट फॉर साउथ एशिया (BISA) के जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) डिंडोरी में क्रेता-विक्रेता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना, मंडी व्यापारियों के साथ संवाद स्थापित करना तथा किसानों को सीधे बाजार से जोड़ना था।कार्यक्रम में किसानों और मंडी व्यापारियों के बीच खुली चर्चा हुई। किसानों ने फसल बिक्री में आने वाली समस्याएं, उचित मूल्य निर्धारण, परिवहन व्यवस्था और गुणवत्ता मानकों से जुड़े मुद्दे रखे। वहीं व्यापारियों ने भी अपनी आवश्यकताओं और सुझावों से अवगत कराया, जिससे दोनों पक्षों के बीच समन्वय और समझ को मजबूती मिली।बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए जलवायु अनुकूल बीज, उन्नत तकनीक और मजबूत बाजार संपर्क (मार्केट लिंकेज) पर विशेष जोर दिया गया। विशेषज्ञों ने किसानों को बदलती जलवायु परिस्थितियों में उत्पादन बढ़ाने और जोखिम कम करने के उपायों की जानकारी दी।कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ. के.के. देशमुख, बीआईएसए जबलपुर के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. पंकज कुमार, आत्मा परियोजना की सहायक संचालक नेहा धुरिया, मंडी सहायक सचिव प्रीति झारिया, सहायक कृषि अभियंता पामेश भगत, केवीके वैज्ञानिक डॉ. पी.एल. अम्बुलकर, बीआईएसए के तकनीकी अधिकारी चंदन कुमार एवं मनीष भारद्वाज सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।बीआईएसए के प्रतिनिधियों ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने हेतु अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। बैठक में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा घोषित किसान कल्याण वर्ष 2026 के संदर्भ में भी चर्चा की गई।कार्यक्रम में शामिल किसानों ने इसे उपयोगी बताते हुए कहा कि इस पहल से उन्हें सीधे खरीदारों से जुड़ने का अवसर मिला है, जिससे उनकी आय में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ेंगी। यह आयोजन जलवायु अनुकूल कृषि को प्रोत्साहित करने और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# विक्रमपुर में कृषक संगोष्ठी आयोजित, जैविक व प्राकृतिक खेती पर दिया गया जोर




**बजाग (डिंडोरी)।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा ग्राम विक्रमपुर, विकासखंड बजाग में कृषक संगोष्ठी का आयोजन जिला कलेक्टर श्रीमती अंजु पवन भदौरिया के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री रामबाबू देवांगन तथा उपसंचालक कृषि सुश्री अभिलाषा चौरसिया ने किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत डिंडोरी के अध्यक्ष रुदेश परस्ते ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती के दुष्परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं। मिट्टी की घटती उर्वरता, बढ़ती उत्पादन लागत, मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव और पर्यावरण प्रदूषण गंभीर चिंता के विषय हैं। उन्होंने किसानों से जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही भविष्य की टिकाऊ खेती है, जो कम लागत में बेहतर लाभ के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित करती है।

कार्यक्रम के आयोजक अशोक कोरी ने बताया कि जिले में किसानों की आय वृद्धि, खेती को टिकाऊ बनाने तथा पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा के उद्देश्य से इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का मुख्य विषय जैविक एवं प्राकृतिक खेती रहा, जिसमें बड़ी संख्या में कृषकों, कृषि विशेषज्ञों और विभागीय अधिकारियों ने सहभागिता की।तकनीकी सत्र में कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ श्री अवधेश पटेल ने जैविक खेती की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसमें रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के स्थान पर गोबर खाद, कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, हरी खाद, जैव उर्वरक एवं जैव कीटनाशकों का उपयोग किया जाता है। इससे फसलों की गुणवत्ता में सुधार होता है और बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त होता है। उन्होंने जैविक खेती के प्रमाणीकरण, पैकेजिंग और विपणन की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला।प्राकृतिक खेती के संबंध में विशेषज्ञों ने बताया कि इसमें देशी गाय के गोबर व गोमूत्र से तैयार जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र जैसे स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाता है, जिससे खेती की लागत काफी कम हो जाती है। प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, जल संरक्षण होता है और फसलें रोग प्रतिरोधी बनती हैं। श्री जगदीश बिसेन ने किसानों को मिट्टी परीक्षण के महत्व की जानकारी दी।संगोष्ठी में प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने से उत्पादन लागत में कमी आई है और उपज की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। किसानों ने फसल विविधीकरण, अंतरफसली खेती और स्थानीय बाजारों से सीधे जुड़ने पर बल दिया।कृषि विभाग के अधिकारियों ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहायता की जानकारी दी। किसानों को समूह बनाकर खेती करने, एफपीओ से जुड़ने तथा मूल्य संवर्धन गतिविधियों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।समापन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वैज्ञानिक पद्धति से संगठित होकर जैविक और प्राकृतिक खेती अपनाने से किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ समाज की नींव मजबूत होगी। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में सरपंच शोभित मरावी, सुशील यादव, यशवंत साहू, श्रीमती उर्मिला धुर्वे, कृषि विस्तार अधिकारी अमित भटनागर, कु. सोनिया चौहान सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# धारेगांव और राछो गांव में सीसी रोड निर्माण का भूमि पूजन संपन्न



**शहपुरा** – शहपुरा जनपद क्षेत्र के धारेगांव और राछो गांव में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन शनिवार को विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।भूमि पूजन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। ग्रामीणों ने लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग पूरी होने पर खुशी व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि गांवों में पक्की सड़कों के निर्माण से आवागमन सुगम होगा, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक पहुंच आसान बनेगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्यों को लगातार प्राथमिकता दी जा रही है और आने वाले समय में भी बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। विधायक धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सड़क, पानी, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं हर गांव तक पहुंचाना प्राथमिक लक्ष्य है। उन्होंने ग्रामीणों से विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील भी की। भूमि पूजन कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष मानिकपुर हीरेंद्र मरावी, जनपद उपाध्यक्ष जितेंद्र चंदेल , मंडल महामंत्री राजेंद्र तिवारी, भाजपा शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, राजेश साहू सहित भाजपा की वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेहंदवानी में 'संपूर्णता अभियान 2.0' अंतर्गत विशेष आधार शिविर का आयोजन

मेहंदवानी



कलेक्टर, जिला डिंडोरी के निर्देशानुसार मेहंदवानी (आकांक्षी विकासखंड) में 'संपूर्णता अभियान 2.0' के अंतर्गत विशेष आधार शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना तथा शत-प्रतिशत आधार कवरेज सुनिश्चित करना रहा। शिविर के दौरान ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों में उल्लेखनीय उत्साह देखा गया। बड़ी संख्या में बच्चों के नए आधार नामांकन किए गए, जिससे वे स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही अनेक हितग्राहियों के मोबाइल नंबर अपडेट किए गए, जिससे उन्हें डिजिटल सेवाओं, ओटीपी आधारित सत्यापन तथा केंद्रों में फेस कैप्चर संबंधी समस्याओं के समाधान में सहायता मिलेगी एवं आधार से जुड़ी सुविधाओं तक उनकी आसान पहुँच सुनिश्चित हो सकेगी। शासन की विभिन्न योजनाओं में पात्रता सुनिश्चित करने हेतु नागरिकों का आधार पोर्टल पर ई-केवाईसी भी सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं दक्षता को बढ़ावा मिलेगा तथा लाभार्थियों को समय पर योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

अधिकारियों ने बताया कि आकांक्षी विकासखंड के रूप में निर्धारित विकास मानकों की शत-प्रतिशत संतृप्ति प्रशासन की प्राथमिकता है। 'संपूर्णता अभियान 2.0' के माध्यम से दस्तावेजों की कमी जैसी बुनियादी बाधाओं को दूर कर हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि गांव में ही आधार एवं समग्र सेवाएं उपलब्ध होने से उनके समय और व्यय दोनों की बचत हुई है। यह पहल प्रशासन की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त एवं सकारात्मक उदाहरण है।

# शहपुरा में पुलवामा के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि



**शहपुरा** – नगर के गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने शहपुरा स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मौन रखकर शहीदों के बलिदान को नमन किया और देश की सुरक्षा में उनके सर्वोच्च योगदान को याद किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी श्याम गुप्ता, सुरेंद्र साहू सहित अन्य समाजसेवी एवं नागरिक मौजूद रहे। सभी ने शहीद जवानों के अदम्य साहस और देशभक्ति को स्मरण करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## खबर संक्षेप

### संत रविदास मुक्तिधाम सेवा समिति का गठन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अहिरवार समाज महापरिषद नरसिंहपुर के जिला प्रभारी, अहिरवार समाज संघ भारत के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार चौधरी ने बताया कि विगत दिवस रविदास समाज के सामाजिक साथियों की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें नरसिंहपुर नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत श्मशान घाट जो कि शहर के शहीद भगत सिंह वार्ड, कामथ वार्ड, मुशरान वार्ड, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड की सीमाओं से लगा हुआ है जिस श्मशान घाट में पूर्व से चैधरी ,अहिरवार समाज के लोगों को दफनाने एवं जलाने का कार्य किया जाता रहा है उसमें पूर्व में अतिक्रमण था जिनको समाज के लोगों की मदद से प्रशासनिक कार्रवाई के बाद अतिक्रमण से मुक्त कराया गया था और श्मशान घाट में तार की बाउंड्री हुई थी उसमें शासन एवं जनप्रतिनिधियों की मदद से एक हेड पंप एवं बॉडी जलाने हेतु एक शेड का निर्माण किया गया है। बैठक में समिति के संरक्षक श्याम लाल चैधरी, धनीराम चौधरी, डब्बू लाल चौधरी, हीरालाल चौधरी आदि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि शमशान घाट का नाम संत शिरोमणि रविदास के नाम पर रखा जाए।

### आज मनाया जायेगा महाशिवरात्रि का पर्व, होंगे विविध आयोजन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** आज महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान शिव की आराधना पूजन में समूचा जिला शिवमय बना रहेगा। शिवालयों, नर्मदा तटों पर सुबह से देर रात तक हर तरफ भगवान शिव के जयकारों की गूंज सुनाई देगी। नर्मदा तटों अल सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान करने पहुंचेगे। वहीं स्नान के बाद श्रद्धालुओं द्वारा घाटों पर बने मंदिरो में अभिषेक पूजन किया जाएगा। इसके अलावा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाडरवारा के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल डमरूघाटी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। साथ ही महादेव पिपरिया में भी मेला भरता है बरमान के प्राचीन दीपेश्वर मंदिर में पूजन करने श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही देखने को मिलती है।

### 1 ग्राम स्मैक के साथ आरोपी गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि थाना कोतवाली पुलिस टीम को भ्रमण के दौरान एक व्यक्ति को गणेश मंदिर के पास किसानी वार्ड, नरसिंहपुर के पास संदेहास्पद रूप से खडा देख जो पुलिस को देखकर खुद को छुपाने की कोशिश करता प्रतीत हुआ संदेह होने पर पुलिस टीम द्वारा पीछा कर उसे पकड़ा गया जिसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध स्मैक जप्त की गयी है। आरोपी अमन बैरागी निवासी कठौतिया, थाना कोतवाली नरसिंहपुर से 11.25 ग्राम अवैध स्मैक जब्ती की गई। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख रूपए बताई गई। आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 21 (बी). 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीवद्ध किया गया।

### सड़क दुर्घटना व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना सुआतला अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दौलत पटेल निवासी बम्हनी पिपरिया अपने वाहन से देवरी जा रहे थे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिसे उपचार हेतु रोंसरा अस्पताल ले जाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### 37 परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी आयोजित हुई परीक्षा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत शनिवार 14 फरवरी को जिले में बनाए गए कुल 37 परीक्षा केन्द्रों पर हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी से संबंधित विषयों की परीक्षाएँ सम्पन्न हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि हाई स्कूल स्तर पर एनएसक्यूएफ (नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क) अंतर्गत एआई विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में पंजीकृत 2 हजार 638 परीक्षार्थियों में से 2 हजार 619 परीक्षार्थी शामिल हुए।

# आँख में मिर्ची डालकर की लूट

### पुलिस ने दो घंटे में आरोपियों को किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



विगत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज में पीड़ति द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि शादी समारोह मे जाते समय रास्ते में गाड़ी रोककर आंखों मे मिर्ची पाउडर डालकर मंगलसूत्र छीन कर ले गए। पीड़ति की शिकायत पर पुलिस द्वारा टीम गठित कर दो घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर लूटे गए शत-प्रतिशत मशरूका (मंगलसूत्र) बरामद किया। अज्ञात लुटेरों की तलाश एवं गिरफ्तारी हेतु विशेष टीम का गठन किया गया था।

### दो घंटों में आरोपी गिरफ्तार

पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए घटना स्थल के आस-पास के क्षेत्रों के सीसीटीव्ही कैमरों को चेक किया गया एवं स्थानीय लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की गयी साथ ही तकनीकी माध्यमों से जानकारियों को एकत्रित किया गया जिसके परिणाम स्वरूप घटना स्थल के पास से ही अभिषेक सिंह लोधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। इसके उपरान्त प्राप्त जानकारी अनुसार यशवंत पटेल की गोटेगांव में होने की जानकारी मिलने में पुलिस टीम द्वारा गोटेगांव पहुंचकर प्रभावी घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी यशवंत पटेल को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी। इसके उपरान्त प्राप्त जानकारी अनुसार यशवंत पटेल की गोटेगांव में होने की जानकारी मिलने में पुलिस टीम द्वारा गोटेगांव पहुंचकर प्रभावी घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी यशवंत पटेल को गिरफ्त में लेने में सफलता प्राप्त हुयी।

### मामला इस प्रकार

थाना स्टेशनगंज अंतर्गत ग्राम करहैया खेड़ा निवासी राजेश मेहरा अपनी पत्नी के साथ 13 फरवरी को ग्राम खमरिया स्थित अपने रिश्तेदार के यहाँ विवाह समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे। रात्रि लगभग 09:30 बजे जैसे ही वे ग्राम खमरिया के स्वागत गेट के समीप पहुँचे, तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने ओवरटेक कर उनका रास्ता रोक लिया। मोटरसाइकिल के पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा राजेश मेहरा एवं उनकी पत्नी की आँखों में मिर्ची पाउडर फेंक दिया गया, जिससे दोनों असहज हो गए। इसके पश्चात आरोपियों द्वारा झूमाझटकी करते हुए महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया गया तथा मौके से फरार हो गए।

### आरोपियों से जब्त की गई सामग्री

उक्त मामले के आरोपी यशवंत पटेल निवासी पिपरिया, थाना गोटेगांव, अभिषेक सिंह लोधी निवासी सूरवारी, थाना ठेमी को गिरफ्तार कर मंगलसूत्र कीमती 1,20,000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल टीव्हीएस कंपनी की रायडर कीमती 80,000 रूपये जप्त की गई। आरोपियों के विरूद्ध थाना स्टेशनगंज में धारा 309 (4), 3७5 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीवद्ध। उक्त कार्यवाही में अज्ञात लुटेरों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी में निरीक्षक सौरभ पटैल, उनि. राहुल सोनकर, उनि. मुकेश बिसेन उनि. दिलीप सिंह प्रधान आरक्षक बुधराम, आरक्षक लक्ष्मी नागपुर, दिलीप सिंह, नंदकिशोर, जितेन्द्र राणा, संतोष शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है।

## करेली में हुआ मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा करेली में मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना, कृषि विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना था। कार्यक्रम के क्षेत्रीय प्रबंधक कुंदन कुमार, लीड बैंक मैनेजर अरुण कुमार सिंह, शाखा प्रबंधक भानु प्रताप सिंह राजपूत, गाडरवारा, नरसिंहपुर, सागोनी, तेंदूखेड़ा, नकटुआ, मुंगवानी, करकबेल, चावरपाठा एवं सिंहपुर शाखाओं के शाखा प्रमुख मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान जिले की सभी शाखाओं द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 20 करोड़ के कृषि ऋण स्वीकृत किए गए। इस अवसर पर नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। किसानों और नागरिकों को शासन की विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, फसल ऋण, पशुपालन, डेयरी एवं अन्य कृषि संबद्ध गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैंक अधिकारियों ने किसानों को समय पर ऋण अदायगी, आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं से अवगत कराया। किसानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बैंक अधिकारियों ने बताया कि किसान हितैषी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश के मार्गदर्शन में विकासखंड नरसिंहपुर के जनशिक्षा केंद्र मुगवानी एवं गोरखपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी उल्लास नवभारत साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा की तैयारियों को लेकर अक्षरसाथी, अक्षरसाथी दीदियों तथा नोडल अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। जिला सह-समन्वयक साक्षरता अखलेश राजोरिया ने जनगणना 2011 के लक्ष्यों के अनुरूप शत प्रतिशत ऑनलाइन सर्वे पूर्ण करने एवं सामाजिक चेतना केंद्रों के नियमित संचालन पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर से व्याख्याता आनंद कुमार शर्मा, प्रहलाद पटेल, विकासखंड सह-समन्वयक विजय कुमार नामदेव, जनशिक्षक, संकुल सह-समन्वयक तथा अक्षरसाथी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य साक्षरता अभियान को अधिक प्रभावी बनाना तथा अधिक से अधिक निरक्षर नागरिकों को साक्षरता से जोड़ना रहा।

## चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



गत दिवस थाना क्षेत्र करेली अंतर्गत चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय चोर पुलिस की गिरफ्त में आए। पुलिस द्वारा बताया गया कि प्रार्थी अनीश खान पिता भूरा खान, उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम गादला, थाना भोपा जाल, जिला मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) द्वारा थाना करेली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसने राजेश रघुवंशी निवासी करेली की गुढ़ भट्टी, ग्राम छितापार से किराये पर लिया था। 12 फरवरी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर नगद रूपये लेकर चला गया है। आरोपियों की पतासाजी को टीम गठित की गई। जिसके परिणाम स्वरूप तकनीकी माध्यम से प्राप्त जानकारी अनुसार राजा सक्सेना, रजत हरिजन एवं शिवा उर्फ शिवकुमार हरिजन को गिरफ्त में लेकर गहनता से पूछताछ की गयी जिन्होने उक्त चोरी की घटना घटित करन स्वीकार किया गया है। आरोपियों द्वारा स्वीकार किया गया कि तीनों ने मिलकर गुढ भट्टी के पास बने कमरे मे रखी पेटी को चुराने की योजना बनायी तथा योजना के अनुसार शिवा ने कमरे के अंदर से लोहे की पैसो से भरी पेटी चुराकर ले गया जिसको व घटना स्थल से कुछ दूरी पर ले जाकर पेटी खोलकर उसमे रखे पैसे निकालकर आपस मे बटवारा कियो एवं थैली मे रखकर वही गुढ भट्टी के पास झाडियो मे गाढ दिये ताकि गुढ भट्टी बंद होने पर पैसा ले जायेगे व शेष पैसा लेकर गांव जाने के बहाने निकल गये थे जो बाद मे भोपाल, हरिद्वार, उज्जैन मे भ्रमण करते रहे जो अपने साथ ले गये पैसे खाने पीने एवं भ्रमण मे खर्चा कर दिये। आरोपी राजा सक्सेना निवासी ग्राम गादला, थाना भोपा, जिला मुजफ्फनगर (उ.प्र.), रजत हरिजन निवासी ग्राम गादला, थाना भोपा, जिला मुजफ्फनगर (उ.प्र.), शिवा उर्फ शिवकुमार चमार निवासी ग्राम गादला, थाना भोपा, जिला मुजफ्फनगर (उ.प्र.), आरोपियों से चोरी किए गए रूपयों में से लगभग 3 लाख 25 हजार रूपये बरामद किए गए है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 305 ए बीएनएस का अपराध पंजीवद्ध किया गया है।

## दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरणों का हुआ वितरण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**



गत दिवस डाइट कार्यालय प्रांगण में जनपद शिक्षा केन्द्र नरसिंहपुर द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंशुल नेमा मंडल अध्यक्ष एवं अजीत जाट उपाध्यक्ष नगर पालिका की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ । इस अवसर पर कुल 77 दिव्यांग बच्चों को ट्रायसाईकिल, व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, वैशाखी एवं अन्य सहायक उपकरण एल्मिको टीम के सौजन्य से वितरित किये गये। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में कहाँ कि ऐसे कार्यक्रम समाज में समावेशन और सहयोग की भावना को मजबूत करते है तथा उनका उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें गुख्य धारा जोड़ना है। एल्मिको की टीम के सदस्यों द्वारा पात्रता अनुसार बच्चों को उपकरण उपलब्ध किये गये। कार्यक्रम में जिला परियोजना समन्वयक मनीष चैकसे, एपीसी श्रीमति अंजू शर्मा, बीआरसी ओ.पी. राय, बीएसी ब्रजेश नेमा, एवं विनोद झारिया, एमआरसी श्रीमति रश्मि पटवा, जनशिक्षक प्रदीप मेहरा, संदीप भारिया, राजकुमार पटैल, हरप्रसाद कोरी, मधुसूदन दुवे, रामकुमार पटैल, अनिल गुप्ता, राजेश बस्तवार, शांत पटैल, महेश झारिया, आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चों के पालक, गणमान्य नागरिक तथा मार्गदर्शी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले बच्चों तथा पालकों को भोजन की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विनोद झारिया द्वारा एवं मंच संचालन भगवत साहू जनशिक्षक द्वारा किया गया।

## भगवान भोलेनाथ की आराधना का महापर्व महाशिवरात्रि पर्व आज जगह जगह होंगे शिवाभिषेक निकलेगी बारात

**तेंदूखेड़ा** भगवान भोलेनाथ की आराधना पूजन का महापर्व शिवरात्रि पर्व पर आज नगर के शिवालयों में साज सज्जा की गई है वहीं दिन भर पूजन अर्चन का दौर जारी रहेगा। जगह जगह शिवाभिषेक होंगे।सुबह से ही श्रद्धालु जन पुण्य सलिला मां नर्मदा में स्नान कर भगवान भोलेनाथ का नर्मदा जल से शिवाभिषेक करेंगे। तथा दोपहर में विशाल बारात शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जाएगी।अखंड रामायण पाठ सुंदरकांड पाठ भजन कीर्तन भी दिन भर चलेंगे।

***निकलेगी कांवर यात्रा***- प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान भोलेनाथ को नर्मदा चल चढ़ाने के लिए पुण्य सलिला मां नर्मदा के ककरा घाट से भगवान शूलपांणेश्वर खमरिया बरांझ स्थित कुटी तक एक विशाल पैदल कांवर यात्रा निकाली जायेगी जिसमें छोटे छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग भी शामिल होंगे।कुटी में जलाभिषेक पूजन अर्चन के उपरांत यात्रा का समापन होगा।







***तिल तिल बढ़ रहे शूलपांणेश्वर***- तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले समीपी ग्राम खमरिया बरांझ में अंग्रेजी शासन काल के दौरान नर्मदा परिक्रमा के दौरान भगवान शूलपांणेश्वर भगवान की पिंडी यहां पर विराजमान की गई थी जो तिल तिल बढ़ कर बड़े शिवलिंग का आकार लेती जा रही है।यह शिवालय जन आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर शिवाभिषेक कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करवाते हैं। बुजुर्ग बताते हैं कि धूनी वाले दादा जी के शिष्य रविनंद जी महाराज जिन्हें काका गुरु के नाम से संबोधित किया जाता था। उनके द्वारा अनेकों बार नर्मदा जी की परिक्रमा की गई थी।इसी परिक्रमा में काका गुरु द्वारा साथ लेकर चल रहे शिवलिंग की पूजन-अर्चन प्रतिदिन की जाती थी। खमरिया बरांझ में एक विशाल पीपल बरगद के वृक्ष की छांव तले काका गुरु की जमात विश्राम कर रही थी कि ग्राम के बुजुर्गों द्वारा उनसे चौमासा यहीं पर करने का निवेदन किया तब उन्होंने निवेदन स्वीकार किया और वहीं पर एक कच्चा खपरेल झोपड़ी नुमा कमरा में ठहर गये चार माह पूजन अर्चन के उपरांत जब वह जाने लगे तब शिव जी पिंडी नहीं उठी तो यहीं पर विराजमान कर दी गई और लक्ष्मण दास जी महाराज के द्वारा शूलपांणेश्वर भगवान की स्थापना कर दी गई।तभी से यह प्रतिमा यहां पर विराजमान है। मंदिर के उचित रखरखाव और पूजन अर्चन हेतु पांच एकड़ भूमि गांव के प्रतिष्ठित जनों द्वारा लगाई गई है। और समीति बनाई गई है जिसके माध्यम से आज पूजन अर्चन धार्मिक अनुष्ठान चलते रहते हैं।

***पीपल के वृक्ष में स्थित शिव लिंग***- तेंदूखेड़ा से केसली सड़क मार्ग के बीच ग्राम चौका के समीप मुख्य सड़क मार्ग पर श्रद्धालुओं द्वारा एक पीपल के वृक्ष के समीप शिवलिंग की स्थापना की गई थी जो बढ़ते हुए लगभग पांच दशक में इतना बड़ा रुप ले लिया है कि पीपल के वृक्ष ने अपने मुख्य तने के बीच भगवान शिव को विराजित कर लिया है।जो जनास्था का केंद्र बना हुआ है।

## कबाड़ माफिया के हौसले बुलंद, अवैध कारोबार में झोंके जा रहे मासूम, नौनिहालों का भविष्य हो रहा बर्बाद

**गोटेगांव**



तहसील क्षेत्र में इन दिनों कबाड़ माफियाओं का आतंक चरम पर है। स्थानीय प्रशासन की कथित अनदेखी के चलते क्षेत्र में लाखों रुपये का अवैध कबाड़ कारोबार धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। आलम यह है कि हर दूसरे दिन रातों-रात कबाड़ से भरे बड़े-बड़े ट्रक जबलपुर और भोपाल जैसे शहरों की ओर भेजे जा रहे हैं, जिन पर लगाम कसने वाला कोई नहीं है।*मासूम नौनिहालों का भविष्य हो रहा कबाड़*इस गोरखधंधे का सबसे काला पक्ष यह है कि कबाड़ कारोबारी चंद पैसों के लालच में मासूम नाबालिग बच्चों को इस दलदल में झोंक रहे हैं। गरीबी का फायदा उठाकर इन बच्चों से कबाड़ चुनने और उसे एकत्रित करने का काम कराया जा रहा है। शासन की सर्व शिक्षा अभियान जैसी योजनाएं इन बच्चों के लिए बेमानी साबित हो रही हैं। पढ़ाई-लिखाई छोड़कर ये बच्चे कबाड़ के काम में लग रहे हैं, जिससे वे कम उम्र में ही नशे और चोरी जैसी गंदी आदतों का शिकार होकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।*चोरी के वाहनों और रेलवे सामग्री को खपाने का अड्डा*सूत्रों की मानें तो इन कबाड़खानों में बिना किसी सत्यापन के साइकिल, मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहनों की खरीद-फरोख्त की जा रही है। चोरी के वाहनों के कलपुर्जे अलग-अलग कर उन्हें कबाड़ के भाव बेच दिया जाता है। इतना ही नहीं, कबाड़ियों द्वारा रेलवे के लोहे, तांबा और पीतल जैसी कीमती धातुओं को भी दलालों के माध्यम से खपाया जा रहा है। बिना किसी लाइसेंस या अनुमति के चल रहे ये दर्जनों कबाड़ केंद्र अनैतिक गतिविधियों के प्रमुख केंद्र बन चुके हैं।

### नागरिकों ने की ठोस कार्यवाही की मांग

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं और बच्चों के बिगड़ते भविष्य को देखते हुए स्थानीय नागरिकों में भारी रोष है। आमजन ने पुलिस और जिला प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध कबाड़खानों पर तत्काल नकेल कसी जाए और क्षेत्र में चल रहे इस संगठित अपराध पर अंकुश लगाया जाए। अब देखना यह है कि प्रशासन इन रसूखदार कबाड़ माफियाओं पर क्या कार्यवाही करता है।

### संस्कार पब्लिक स्कूल करकबेल में वार्षिक उत्सव धूमधाम से सम्पन्न

## 9 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ सम्मान समारोह

**करकबेल।**



समृद्ध विकास समिति मुशरान पिपरिया द्वारा संचालित संस्कार पब्लिक स्कूल करकबेल के सफलतम 9 वर्ष पूर्ण होने पर विद्यालय परिसर में भव्य वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई, तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।उत्सव में विद्यार्थियों ने भाषण, गीत, नृत्य, नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद सदस्य श्री धनीराम गुमास्ता ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच संघ गोटेगांव के अध्यक्ष श्री देवदत्त पचौरी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में श्री शिवकुमार लोधी (बेलखेड़ी), श्री रामगोपाल सिंह लोधी (पूर्व मंडल अध्यक्ष), श्री नेतराम पटेल (जनपद सदस्य चांदनखेड़ा), श्री राजश्री रामजी पटेल (जनपद सदस्य), श्री रतन पटेल (कंधरापुर), श्री तोफान सिंह लोधी (सनगापुर) एवं श्री हाकम सिंह पटेल (पिपरिया मुशरान) सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया।विद्यालय के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पं. दिलीप मालगुजार (कांट्रेक्टर), सज्जन सिंह पटेल (शिक्षक), राजेश नामदेव (सीबीआई) एवं सुखदेव मेहरा (सहसचिव) द्वारा शाला परिवार को स्मृतिचिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, अनुशासन एवं संस्कारयुक्त शिक्षा का महत्व बताया।इस अवसर पर कक्षा आठवीं के छात्र-छात्राओं को स्मृतिचिह्न प्रदान कर विदाई दी गई। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय समिति द्वारा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं पत्रकार बंधुओं का भी सम्मान किया गया।कार्यक्रम का मंच संचालन प्रधान पाठक आदित्य पटेल एवं शिक्षक घनश्याम कुशवाहा ने किया। समस्त व्यवस्थाएं सिद्धार्थ पटेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। अंत में विद्यालय संचालक श्री रामजी पटेल ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।वार्षिक उत्सव में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।